इस प्रश्न–पत्र में **16 प्रश्न** तथा **8 मुद्रित पृष्ठ** हैं ।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | |

**Code No. 60/OS/1**
**कोड नं.**

**Set / सेट – A**

# HINDI
# हिन्दी
# (201)

**Day and Date of Examination**
**(परीक्षा का दिन व दिनांक)** ____________________

**Signature of Invigilators**
**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)** **1.** ____________________

**2.** ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

**2** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

**3** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है ।

**4** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।

**5** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

**6** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र का कोड नं. **60/OS/1, सेट – A** लिखें ।

# HINDI

# हिन्दी

# (201)

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश :** **1.** **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**2.** प्रश्नों के लिए निर्धारित **अंक** उनके सामने दिए गए हैं ।

---

**1** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए : **1×5=5**

(i) 'बीती विभावरी जाग री' – कविता में सोई हुई सखी को किससे प्रेरणा लेने के लिए कहा गया है ?

(A) पक्षियों से (B) प्रकृति से

(C) सूर्य से (D) फूलों से

(ii) 'उनको प्रणाम !' कविता के संदर्भ में बताइए कि सपने देखना कब सार्थक होता है ?

(A) जब वे सच हो सकें

(B) जब उनका प्रचार किया जा सके

(C) जब उन्हें पाने के प्रयास किए जाएँ

(D) जब उनको देखा जा सके

(iii) 'आह्वान' कविता के आधार पर बताइए कि भाग्यवाद मनुष्य को कैसा बना देता है ?

(A) परिश्रमी (B) कर्मण्य

(C) पराश्रित (D) आलसी

(iv) रहीम के दोहे में 'अब दादुर वक्ता भए' से कवि का आशय है –

(A) मूर्ख मंच पर आ पहुँचे । (B) मेंढकों ने टर्राना छोड़ दिया ।

(C) समझदारों की इज़्ज़त होती है । (D) कोयल ने मौन धारण कर लिया है ।

(v) 'आज़ादी' कविता में कवि का आज़ादी से आशय है –

(A) मनमानी करने की छूट (B) गैर कानूनी काम करना

(C) अनिवार्य आवश्यकता की पूर्ति (D) कर्महीन बने रहना

**2** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **15-20** शब्दों में लिखिए : **1×6=6**

(i) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में हठीली लड़की किसे कहा गया है ? उसकी कोई एक अन्य विशेषता भी लिखिए ।

(ii) 'इसे जगाओ' कविता में कवि ने किस–किस से सोए हुए आदमी को जगाने का आग्रह किया है ? किन्हीं दो के नाम लिखिए ।

(iii) 'नदियाँ मुँह ढाँप कर रोती है' का क्या अर्थ है ? 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के आधार पर बताइए ।

(iv) 'करत–करत अभ्यास तें, जड़मति होत सुजान ।'
कवि वृंद के इस दोहे में 'सुजान' का क्या अर्थ है ?

(v) 'आज़ादी वह रोटी है जिसे मेहनती ही खा सकता है ।' – आज़ादी कविता के आधार पर पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(vi) 'आह्वान' कविता में कवि ने 'अनेकता होने पर भी एकता हो सकती है ।' इस तथ्य को स्पष्ट करने हेतु कौन–सा उदाहरण दिया है ?

**3** निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है, इसके कवि के नाम का उल्लेख करते काव्यांश का काव्य–सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए । **5**

खग–कुल कुल–कुल–सा बोल रहा,
किसलय का अंचल डोल रहा,
लो यह लतिका भी भर लाई–
मधु–मुकुल नवल रस गागरी ।

**अथवा**

नैना देत बताय सब, हिय को हेत–अहेत ।
जैसे निरमल आरसी, भली–बुरी कहि देत ।

**4** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग **25-25** शब्दों में लिखिए : **2×3=6**

(क) 'आह्वान' कविता में कवि ने किन्हें पौरुष का पाठ पढ़ने के लिए कहा है और क्यों ?

(ख) 'आज़ादी' कविता का मुख्य संदेश स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'इसे जगाओ' कविता में सूरज, हवा और पक्षी के किन गुणों का उल्लेख किया गया है ?

(घ) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता के पहले दृश्य में कवि ने किन्हें प्रेम में ओत–प्रोत होते दिखाया है ?

**5** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **50** शब्दों में दीजिए : **3**

'जो जल बाढ़ै नाव में, घर में बाढ़ै दाम ।'
कबीरदास के इस दोहे के आधार पर बताइए कि धन की अधिकता से होने वाली विकृतियों को आप दूर करने हेतु क्या–क्या कदम उठाएँगे ।

**अथवा**

'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के संदर्भ में बताइए कि ज़्यादा से ज़्यादा सुविधाओं के भोग के लालच में हो रहे प्रकृति के अंधाधुंध दोहन को रोकने हेतु आप क्या–क्या कदम उठाएँगे ?

6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँट कर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए : 1×6=6

(i) जिसके पास कलेजा है, वही आजकल नौकर रख सकता है – 'बहादुर' कहानी में यह कथन किसका है ?

(A) निर्मला का (B) वाचक का

(C) किशोर का (D) रिश्तेदार का

(ii) 'गिल्लू' पाठ में किन दो विधाओं का संयोग है ?

(A) रेखाचित्र और संस्मरण (B) संस्मरण और रिपोर्ताज

(C) रेखाचित्र और रिपोर्ताज (D) रेखाचित्र और जीवनी

(iii) अख़बार में कार्टून छापने का क्या उद्देश्य है ?

(A) मनोरंजन और तीख़ी टिप्पणी (B) विज्ञापन की सूचना

(C) शिक्षा प्रदान करना (D) सामाजिक घटना पर राय देना

(iv) 'अंधेर नगरी' नाटक में 'टके सेर भाजी टके सेर खाजा' में निहित व्यंग्यार्थ है –

(A) सभी चीज़ें बहुत सस्ती हैं

(B) एक टके की एक सेर भाजी खाओ

(C) गुणों और मूल्यों की कदर नहीं है

(D) सभी नागरिकों को समान महत्त्व मिले

(v) 'अपना–पराया' पाठ के अनुसार ज्ञानेन्द्रियाँ नहीं कर सकती –

(A) चलना (B) देखना

(C) सूँघना (D) खाना

(vi) 'नाखून' क्यों बढ़ते हैं ?' पाठ के आधार पर बताइए कि शस्त्रों की बढ़त को रोकना क्यों आवश्यक है ?

(A) देश–हित के लिए (B) महत्त्वाकांक्षा के लिए

(C) आत्मकल्याण के लिए (D) मानव–कल्याण के लिए

7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **15-20** शब्दों में दीजिए : 1×7=7

(i) अनौपचारिक पत्र के किन्हीं दो संबोधनों का उल्लेख कीजिए ।

(ii) गौरैया के व्यक्तित्व–परिवर्तन का मुख्य कारण क्या था ? 'सुखी राजकुमार' पाठ के आधार पर बताइए ।

(iii) बचेंद्रीपाल का पर्वतारोही बनने का संकल्प किस बात से मज़बूत हुआ ?

(iv) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के अनुसार मदर टेरेसा के जीवन का क्या उद्देश्य था ?

(v) 'नाख़ून क्यों बढ़ते हैं ?' निबंध के आधार पर बताइए कि नाख़ूनों का आदि मानव से आजतक होना किस बात का सूचक है ?

(vi) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी में शतरंज कौन खेल रहे थे ?

(vii) 'बहादुर' कहानी में लेखक किस कुरीति की तरफ़ समाज को सचेत करना चाहता है ?

**8** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1+2+2=5**

अरे, वह सब झूठ है । मैं तो पहले ही जानती थी कि वे लोग बच्चों को कुछ देना नहीं चाहते, इसलिए अपनी गलती और लाज छिपाने के लिए यह प्रपंच रच रहे हैं । उन लोगों को क्या मैं जानती नहीं ? कभी उनके रुपए रास्ते में गुम हो जाते हैं.... कभी वे गलती से घर ही पर छोड़ आते हैं । मेरे कलेजे में तो जैसे कुछ हौंड़ रहा है । किशोर को भी बड़ा अफ़सोस है । उसने सारा शहर छान मारा, पर बहादुर नहीं मिला । किशोर आकर कहने लगा – अम्माँ, एक बार भी अगर बहादुर आ जाता तो मैं उसको पकड़ लेता और कभी जाने न देता । उससे माफ़ी माँग लेता और कभी नहीं मारता । सच, अब ऐसा नौकर कभी नहीं मिलेगा । कितना आराम दे गया वह । अगर वह कुछ चुराकर ले गया होता, तो संतोष हो जाता ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम बताइए ।

(ख) गद्यांश का मूलभाव स्पष्ट कीजिए ।

(ग) आज के परिवेश में बढ़ती बाल–मज़दूरी को रोकने के क्या–क्या उपाय हो सकते हैं ? **50-60** शब्दों में लिखिए ।

**अथवा**

बिल्लू के जीवन का प्रथम बसंत आया । नीम–चमेली की गंध मेरे कमरे में हौले–हौले आने लगी । बाहर की गिलहरियाँ खिड़की की जाली के पास आकर चिक्–चिक् करके न जाने क्या कहने लगी । गिल्लू को जाली के पास बैठकर अपनेपन से बाहर झाँकते देख कर मुझे लगा कि इसे मुक्त करना आवश्यक है । मैंने कीलें निकाल कर जाली का एक कोना खोल दिया और इस मार्ग से गिल्लू ने बाहर जाने पर सचमुच ही मुक्ति की साँस ली । ...... मेरे कॉलेज से लौटने पर जैसे ही कमरा खोला गया और मैंने भीतर पैर रखा, वैसे ही गिल्लू अपने जाली के द्वार से भीतर आकर मेरे पैर से सिर और सिर से पैर तक दौड़ लगाने लगा । तब से यह नित्य का क्रम हो गया ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम बताइए ।

(ख) गद्यांश का मूलभाव स्पष्ट कीजिए ।

(ग) आप निरीह पशु–पक्षियों की रक्षा हेतु क्या कदम उठाएंगे ? **50-60** शब्दों में उत्तर दीजिए ।

**9** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग **20-20** शब्दों में लिखिए : **2×4=8**

(क) 'बहादुर' कहानी के आधार पर बहादुर के चरित्र की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(ख) साक्षात्कार किसे कहते हैं ? 'अखबार की दुनिया' पाठ के आधार पर बताइए ।

(ग) 'टीके' लगवाना क्यों जरूरी है ? 'अपना–पराया' पाठ के आधार पर ऐसे दो रोगों के नाम लिखिए जिनके टीके उपलब्ध हैं ।

(घ) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के आधार पर बताइए कि लखनऊ अंग्रेज़ों के कब्जे में क्यों चला गया ।

(ङ) 'अंधेर नगरी' में गोबरधनदास को पकड़कर ले जाया गया पर फाँसी क्यों नहीं दी गई ?

10 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में लिखिए : **3×3=9**

(क) 'बहादुर' कहानी के आधार पर बहादुर और किशोर के व्यवहार में अंतर के कारणों का विश्लेषण कीजिए ।

(ख) 'गिल्लू' पाठ में लेखिका को क्यों लगता है कि उस सुनहरी कली के रूप में गिल्लू ही उन्हें चौंकाने के लिए आया है ?

(ग) 'रॉबर्ट नर्सिंग होम में' मदर के स्वर की तुलना मिसरी के कूजे से की गई है, इससे लेखक क्या स्पष्ट करना चाहता है ?

(घ) 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' पाठ के आधार पर बताइए कि 'कोलंबिया मिशन' के लिए कल्पना को क्यों चुना गया और वे कितनी बार अभियान–दल में शामिल हुईं ?

11 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1×5=5**

मन–दीपक निष्कम्प जलो रे !
सागर की उत्ताल तरंगें,
आसमान को छू–छू जाएँ
डोल उठे डगमग भूमंडल
अग्निमुखी ज्वाला बरसाए
धूमकेतु बिजली की द्युति से,
धरती का अन्तर हिल जाए
फिर भी तुम ज़हरीले फन को
कालजयी बन उसे ढलो रे ।
कदम–कदम पर पत्थर, काँटे
पैरों को छलनी कर जाएँ
श्रान्त–क्लान्त करने को आतुर
क्षण–क्षण में जग की बाधाएँ
मरण–गीत आकर गा जाएँ
दिवस–रात आपद–विपदाएँ ।
फिर भी तुम हिमपात–तपन में
बिना आह चुपचाप चलो रे ।
कालकूट जितना हो पी लो
दर्द, दंश दाहों को जी लो
जीवन की जर्जर चादर को
अटल नेह साहस से सी लो
आज रात है तो कल निश्चय
अरुण हँसेगा, खुशियाँ ले लो
आकुल पाषाणी अंतर से
निर्झर–सा अविराम ढलो रे !
जन–हिताय दिन–रात गलो रे !

प्रश्न :–

(i) किन बाधाओं को ज़हरीले फन के रूप में कल्पित किया है ?

(ii) कवि इन बाधाओं को कुचलने के लिए क्या प्रेरणा दे रहा है ?

(iii) 'हिमपात–तपन' से कवि का क्या आशय है ?

(iv) जीवन में अटल नेह और साहस की क्या आवश्यकता है ?

(v) 'जन–हिताय दिन–रात गलो रे !' – पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

**12** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1×5=5**

दैनिक जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते हैं जो विभिन्न प्रकार के काम करते हैं – सड़क पर ठेला लगाने वाला, दूध वाला, नगर निगम का सफ़ाईकर्मी, बस कंडक्टर, स्कूल अध्यापक, हमारा सहपाठी और ऐसे ही कई अन्य लोग । शिक्षा, वेतन, परम्परागत चलन और व्यवसाय के स्तर पर कुछ लोग निम्न स्तर पर कार्य करते हैं, तो कुछ उच्च स्तर पर । एक माली के कार्य को सरकारी कार्यालय के किसी सचिव के कार्य से अति निम्न स्तर का माना जाता है, किंतु यदि यही अपने कार्य को कुशलतापूर्वक करता है और उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करता है तो उसका कार्य उस सचिव के कार्य से कहीं बेहतर है जो अपने काम में ढ़िलाई बरतता है तथा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह नहीं करता । क्या आप ऐसे सचिव को एक आदर्श अधिकारी कह सकते हैं ? वास्तव में पद महत्त्वपूर्ण नहीं है, बल्कि महत्त्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण भाव और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता । इस संदर्भ में गांधीजी से उत्कृष्ट उदाहरण और किसका दिया जा सकता है, जिन्होंने अपने हर कार्य को गरिमामय मानते हुए किया । वे अपने सहयोगियों को श्रम की गरिमा की सीख दिया करते थे । दक्षिण अफ्रीका में भारतीय लोगों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफ़ाई करने जैसे कार्य को भी कभी नीचा नहीं समझा । इसी कारण स्वयं उनकी पत्नी कस्तूरबा से भी उनके मतभेद हो गए थे ।

प्रश्न :–

(i) विभिन्न व्यवसाय करने वाले लोगों के समाज में निम्न स्तर और उच्च स्तर को किस आधार पर तय किया जाता है ?

(ii) एक माली अथवा सफाईकर्मी का कार्य किसी सचिव के कार्य से बेहतर कैसे माना जा सकता है ?

(iii) 'वास्तव में पद महत्त्वपूर्ण नहीं है, बल्कि महत्त्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण भाव और कार्य–प्रणाली में पादर्शिता ।'
उपर्युक्त कथन को अपने शब्दों में समझाइए ।

(iv) गांधीजी का अपनी पत्नी से मतभेद क्यों हो गया था ?

(v) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

**13** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : **1×10=10**

(i) संधि विच्छेद कीजिए : नरोत्तम, विद्यालय

(ii) 'अति' तथा 'परा' उपसर्ग से एक–एक शब्द बनाइए ।

(iii) किसी एक समस्त पद का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए :
नर–नारी **अथवा** नीलकमल

(iv) दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :
आँख **अथवा** अग्नि

(v) 'पन' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए ।

(vi) अत्यधिक सूखा पड़ने पर किसान निराशा के कगार तक पहुँच गए ।
(संयुक्त वाक्य में बदलिए ।)

(vii) तेरे को और मेरे को अभी इंतजार करना पड़ेगा ।
(वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए ।)

(viii) आँखें दिखाना, नाक में दम करना ।
(किसी एक मुहावरे का वाक्य प्रयोग कीजिए ।)

(ix) निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया–विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए :
(क) तुम अचानक कहाँ चले गए थे ?
(ख) मैं धीरे–धीरे चलता रहा और पहुँच गया ।

(x) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :
(क) वह स्थान जहाँ कोई मनुष्य न हो ।
(ख) जो कम खर्च में काम चलाता हो ।

**14** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग **एक–तिहाई** शब्दों में लिखिए : **5**

पड़ोस सामाजिक जीवन के ताने–बाने का महत्त्वपूर्ण आधार है । दरअसल पड़ोस जितना स्वाभाविक है, हमारी सामाजिक सुरक्षा के लिए तथा सामाजिक जीवन की समस्त आनंदपूर्ण गतिविधियों के लिए वह उतना ही आवश्यक भी है । यह सच है कि पड़ोसी का चुनाव हमारे हाथ में नहीं होता, इसलिए पड़ोसी के साथ कुछ न कुछ सामंजस्य तो बिठाना ही पड़ता है । हमारा पड़ोसी अमीर हो या गरीब, उसके साथ संबंध रखना सदैव हमारे हित में ही होता है । पड़ोसी से परहेज़ करना अथवा उससे कटे–कटे रहने में अपनी ही हानि है, क्योंकि किसी भी आकस्मिक आपदा अथवा आवश्यकता के समय अपने रिश्तेदारों अथवा परिवार वालों को बुलाने में समय लगता है । यदि टेलीफोन की सुविधा भी है तो भी कोई निश्चय नहीं कि उनसे समय पर सहायता मिल ही जाएगी । ऐसे में पड़ोसी ही सबसे अधिक विश्वस्त सहायक हो सकता है । अतः पड़ोसी चाहे कैसा भी हो, उससे अच्छे संबंध रखने ही चाहिए ।

**15** अस्पतालों में डॉक्टरों की असुरक्षा के कारणों का उल्लेख करते हुए किसी दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

मित्र के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए उसकी माताजी को पत्र लिखकर उन्हें धैर्यपूर्वक स्थिति का सामना करने के लिए आग्रह कीजिए ।

**16** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए : **10**

(क) हर क्षेत्र में बढ़ती नारी
(ख) मोबाइल फोन : आज की ज़रूरत
(ग) बढ़ता प्रदूषण और उसके रोकथाम के उपाय
(घ) सत्संगति